2020 नवोदय वि.प्र. Question Paper-भाषा परिक्षण के 4 अनुच्छेद (Navodaya Vidyalaya Pravesh Pariksha) ke 4 Hindi Anuchchhedon ka hal.

प्यारे विद्यार्थियों,
नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु **हिंदी विषय में अनुच्छेदों** को हल करने के लिए इन महत्त्वपूर्ण बिंदुओं को ध्यान में रखना चाहिए।

(1) सबसे पहले आपको अनुच्छेद को भलीभांति समझते हुए कम से कम 2 बार पढ़ लेना चाहिए

(2) पढ़ी हुई बातों को ध्यान रखना चाहिए कि इसमें प्रमुख कौन-कौन सी बातें प्रमुख हैं

(3) प्रत्येक प्रश्न को समझते हुए पढ़ना चाहिए

साथ ही चारों विकल्पों को भी अच्छी तरह से पढ़ने के बाद ही उत्तर का चयन करना चाहिए

(4) सही विकल्प को उत्तर सीट में सही स्थान पर ही लिखना चाहिए।

(5) प्रश्न पत्र को धैर्य पूर्वक हल करना चाहिए।

निर्देश- इस अनुभाग में 4 अनुच्छेद होते हैं। प्रत्येक अनुच्छेद के अंत में पांच प्रश्न पूछे जाते हैं। प्रत्येक अनुच्छेद को ध्यान से पढ़ना चाहिए और उस पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देना चाहिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए **4 संभावित उत्तर** होते हैं, जिन्हें **1, 2, 3 और 4** क्रम दिया जाता है। इनमें से केवल एक ही सही होता है। आपको सही उत्तर चुनकर संलग्न उत्तर पुस्तिका में हर प्रश्न के आगे दिए गए बॉक्स में अंग्रेजी संख्या में लिखना होगा।

अनुच्छेद-1

oooooooooooooooooooooooooooooo

प्रतिवर्ष करोड़ों रुपयों और असंख्य जीवनों की

हानि के लिए आग को दोष दिया जाता है। अग्निशमनकर्ता चोट और हानि से लोगों की और उसकी संपत्ति की रक्षा करने में सहायक होते हैं । उन्हें जब भी कोई सूचना मिलती है, हर बार वे अपनी जान हथेली पर लेकर प्रस्तुत रहते हैं। जब भी काम पर हो तो अग्निशमनकर्ता को किसी भी आपदा के घटित होने पर कुछ ही मिनटों में तैयार होकर प्रस्तुत होना होता है। प्रत्येक अग्निकांड के स्थल पर एक वरिष्ठ अधिकारी नियंत्रण संभालता है और घटनास्थल पर मौजूद सभी लोगों को काम का आदेश देता है। कुछ अग्निशमनकर्ता होज पाइप को पानी के नलकों से जोड़ते हैं। अन्य लोग होजों तक पानी भेजने के लिए पंप हाथों से चलाते हैं। अग्निशमनकर्ताओं के दल ऊंची जगहों तक पहुंचने के लिए सीढ़ियों का उपयोग भी करते हैं।

61. अग्निशमन कर्ताओं के बारे में क्या सत्य **नहीं** है?

(A) वे बहादुर होते हैं।

(B) वे प्रायः अपने जीवन को खतरे में डालते

हैं।

(C) वे अपने जीवन पर कभी कोई संकट नहीं आने देते हैं।

(D) उन्हें उच्च प्रशिक्षण मिला होता है।

उत्तर:- (C) वे अपने जीवन पर कभी कोई संकट नहीं आने देते हैं।

62. किसी अग्निशमनकर्ता को आग बुझाने के लिए तैयार होना पड़ता हैं।

(A) मिनटों में

(B) घंटों में

(C) दिनों में

(D) सप्ताहों में

उत्तर:- (A) मिनटों में

63. अग्निशमनकर्ता **'जान हथेली पर लेकर प्रस्तुत रहते हैं'**.... का अर्थ हैं।

(A) वे एक पंक्ति में खड़े रहते हैं।

(B) वे आग बुझाते हैं।

(C) वे अपना जीवन संकट में डालते हैं।

(D) वे पंप से होज पाइप को जोड़ते हैं।

उत्तर:- (C) वे अपना जीवन संकट में डालते हैं।

64. '**अपने हाथों से चलाने**' का आशय है।

(A) किसी व्यक्ति से काम लेना।

(B) अपने हाथों से काम करना।

(C) किसी मशीन का उपयोग करना।

(D) अपने शरीर का उपयोग करना।

उत्तर:- (B) अपने हाथों से काम करना।

65. '**घटित होना**' का अर्थ वही है , जो---------- का है।

(A) आना

(B) होना

(C) बुलाना

(D) आग लगाना

उत्तर :-(B) होना।

अनुच्छेद -2

★★★★★★★★★★★★★★★★★★

हेमा अपने बिस्तर पर लेटी अपने कमरे की छत पर लगे तारों को एकटक देख रही थी। वह खिन्न थी क्योंकि कोई भी कपड़ा उस पर फिट नहीं लग रहा था। उसने उन्हें एक-एक कर दोबारा पहना किंतु वे या तो बहुत तंग थे या छोटे। एक अलमारी कपड़ों से भरी हुई किंतु वह उनमें से एक भी पहन नहीं सकती। तब उसे एक विचार आया उसकी आँखों में एक चमक आ रही आ गई। वह माँ के कमरे की

ओर भागी उसने कहा- **"माँ मुझे नए कपड़े चाहिए, किंतु तभी जब मैं अपने सारे पुराने कपड़े दान कर दूँ। अब अधिक कपड़े संग्रह की आवश्यकता नहीं।"** उसकी माँ मुस्कुराई और उसे गले से लगा लिया। उसकी लड़की दयालु थी।

(66)- हेमा अपने बिस्तर पर लेटी थी क्योंकि वह :

(A) - थक गई थी।

(B) - तारे देखना पसंद करती थी।

(C) - वह सोच रही थी क्या पहना जाए।

(D) - आलसी लड़की थी।

उत्तर :-(C) - वह सोच रही थी क्या पहना जाए।

67- वह कोई भी कपड़ा नहीं पहन सकी क्योंकि :

(A)- वे फैशन के अनुसार नहीं थे।

(B) - वे बहुत रंगीन थे।

(C) - उसे पता नहीं था कि क्या पहनना है।

(D) - कपड़े उसे फिट नहीं बैठे।

उत्तर :-(D) - कपड़े उसे फिट नहीं बैठे।

68 - **'संग्रह'** का समानार्थक शब्द है

(A) - इकट्ठा करना

(B) - बांटना

(C) - साझा करना

(D) - उपहार देना

उत्तर:- (A) इकठ्ठा करना।

69 - हेमा है

(A) -लालची

(B)- दानी

(C) स्वार्थी

(D) भली

उत्तर :- (D) भली

70 **'दान करना'** का विपरीतार्थक है :

(A) - सौंपना

(B) - लेना

(C) - बाँटना

(D) - खर्च करना

उत्तर :- (C) - बाँटना

★★★★★★★★★★★★★★★★★★

अनुच्छेद- 3

पर्यटन मनोरंजक और शैक्षिक दोनों ही होता है। इसे शिक्षा का महत्वपूर्ण अंग माना गया है।

यूरोप में किसी नवयुवक तभी पूर्ण शिक्षित माना जाता है जब वह यूरोप के बहुत से देशों में भ्रमण कर चुका हो। प्राचीन भारत में भी हमारे ऋषि पर्यटन के महान मूल्य को समझते थे। उन्होंने इसे सबका पवित्र कार्य बना दिया कि वे भारत के विभिन्न भागों में स्थित तीर्थस्थानों में घूमे। इससे भारतीयों में एकता की भावना को प्रोत्साहन मिला।

(71) - यदि कोई वास्तविक शिक्षा पाना चाहे तो उसके लिए ..... करना महत्वपूर्ण है।

A - अध्ययन

B - कार्य

C - पर्यटन

D - ध्यान

उत्तर :- C- पर्यटन

(72) - निम्नलिखित में से कौन सा शब्द मनोरंजक का समानार्थी है?

A - शैक्षिक

B - मनभावन

C - थकाने वाला

D - दृश्यावलोकन

उत्तर:- B - मनभावन

73 - ..... स्थानों की यात्रा करना प्राचीन भारत में पवित्र समझा जाता था।

A- प्रशिक्षण

B - तीर्थ

C - शहरी

D- व्यापारिक

उत्तर '- B - तीर्थ

74 - लोग यदि अधिक .....करें तो उन्हें

दूसरों के साथ एकता का अनुभव होता है।

A - पर्यटन

B - बातचीत

C - खेल

D - प्रश्न

उत्तर :-A - पर्यटन

75 - ऋषि वह व्यक्ति है
जो..... होता है।

A - विद्वान

B- चतुर

C - स्वतंत्र

D- धूर्त

उत्तर :- A - विद्वान

★★★★★☆★★☆★★★☆★★★

अनुच्छेद- 4 चुस्त एवं स्वस्थ रहने के लिए आपको शारीरिक रूप से सक्रिय रहना आवश्यक है। नियमित शारीरिक सक्रियता से भार बढ़ना, हृदय रोग, कैंसर, मानसिक रोग, मधुमेह और गठिया जैसे गंभीर रोगों से सुरक्षित रहते हैं। निष्क्रिय जीवनशैली से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं के खतरे को कम करने के उपायों में सर्वश्रेष्ठ है नियमित रूप से साइकिल की सवारी करना। साइकिल चलाना स्वस्थ, न्यून लागत वाला व्यायाम है, जिसका आनंद छोटे बच्चों से लेकर बड़ी उम्र के प्रौढ़ तक सभी उठा सकते हैं। यह आनंददायक, सस्ती होने के साथ-साथ पर्यावरण के लिए भी अच्छा है। काम पर जाने या दुकान करने पर जाने के लिए इसकी सवारी करना समय की सर्वाधिक बचत करने वाला उपाय है जिससे नियमित व्यायाम को दैनिक गतिविधियों से जोड़ा जा सकता है। आवागमन, मनोरंजन या खेल के लिए प्रतिदिन एक अरब लोगों के द्वारा साइकिल का उपयोग किए जाने का अनुमान है। भार घटाने के लिए साइकिल चलाना एक अच्छा उपाय है, इससे मांसपेशियों

का निर्माण होता है और शरीर की वसा जलती है। शोधों ने संकेत किया है कि प्रतिदिन आधे घंटे साइकिल चलाने से हम 1 वर्ष में कम से कम 5 किलो भार कम कर सकते हैं।

76. अनुच्छेद का मुख्य उद्देश्य हमें ----------के लाभ बताना है।

(A) स्वस्थ रहने

(B) साइकिल चलाने

(C) व्यायाम करने

(D) भार कम करने

उत्तर :- (B) साइकिल चलाने

77. जब लेखक ने कहा है कि साइकिल चलाना पर्यावरण के लिए अच्छा है तो इसमें से कौन सा सही **नहीं** है?

(A) इससे कोई अस्वास्थ्य कर गैस नहीं निकलती।

(B) इसे पेट्रोल अथवा डीजल के बिना चलाया जा सकता है।

(C) इससे वातावरण प्रदूषित नहीं होता।

(D) इसकी सवारी सभी आयु वर्ग के लोग कर सकते हैं।

उत्तर:- (D) इसकी सवारी सभी आयु वर्ग के लोग कर सकते हैं।

78. '**निष्क्रिय**' शब्द का विपरीतार्थक शब्द है।

(A) सक्रिय

(B) आलसी

(C) बेकार

(D) काम से जुड़ा

उत्तर:- (A) सक्रिय

79. न्यून आघात वाला व्यायाम वह है जो :

(A) थकाए नहीं।

(B) जिस पर अधिक व्यय न आए।

(C) कार्यकुशल न हो।

(D) उबाऊ न हो।

उत्तर :- (A) थकाए नहीं।

80. नियमित रूप से साइकिल चलाना हमारे लिए सबसे सहायक है, केवल इसे छोड़कर---------।

(A) वसा कम करके मांसपेशियों को सशक्त करना।

(B) काम को आनंद से जोड़ना।

(C) गंभीर दुर्घटना से बचाव।

(D) स्वस्थ रहना।

उत्तर :-(C) गंभीर दुर्घटना से बचाव।

RF competition
INFOSRF.COM